>

Title: Need to provide adequate number of LPG connections to economically weaker sections of the society particularly in West Delhi Parliamentary Constituency.

श्री महाबल मिश्रा (पश्चिम दिल्ली): भारत सरकार ने जो गरीब परिवारों को सस्ती दर पर रसोई गैस कनैक्शन मुहैया कराने की योजना थी वह अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने में काफी पीछे है। केरोसीन की खपत कम करने के लिए सरकार ने तेल कंपनियों को बिना किसी जमानत के 70 लाख गरीब परिवारों को गैस कनेक्शन देने का लक्ष्य दिया था, लेकिन 2 सालों में कंपनियां सिर्फ 73213 कनेक्शन ही जारी कर पाई है, देश में गैस कनेक्शन की तादाद करीब 11.5 करोड़ है और 2015 तक सरकार ने 16 करोड़ कनेक्शन का लक्ष्य तय किया है।

पश्चिम दिल्ली की प्राइवेट कालोनियों में बहुत से गरीब परिवार रहते हैं परंतु अभी तक किसी भी परिवार को इस योजना के अंतर्गत कोई गैस कनेक्शन नहीं मिला है। आये दिन लोग हमसे गैस कनेक्शन की सिफारिश पत्र लिखवाने आते हैं उनमें से भी किसी को तो गैस कनेक्शन मिल जाता है और किसी को नहीं मिल पाता।

अतःमेरा सरकार से अनुरोध है कि सरकार ने बिना किसी जमानत राशि के 70 लाख गरीब परिवारों को गैस कनेक्शन देने का जो लक्ष्य रखा था उसे अविलम्ब लागू किया जाए, तथा इसमें पश्चिमी दिल्ली के ज्यादा से ज्यादा गरीब परिवारों को शामिल किया जाए।